बरेली, रविवार
16 दिसंबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 22+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO. 8 : LEFT MIDDLE

बीटेक के छात्रों को नौ लाख का पैकेज

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छह इंजीनियरिंग छात्रों का चयन थिंक एंड लर्न प्राइवेट कंपनी में करीब नौ लाख रुपये के सालाना पैकेज पर हुआ है। इसमें सौरभ कुमार, आदित्य तिवारी, हितेंद्र सिंह धनोआ, मोहित सक्सेना, नमन उपाध्याय और शिवांग मिश्रा शामिल हैं। पूल कैंपस प्लेसमेंट के अंतिम चरण के लिए कॉलेज के 12 छात्रों का चयन हुआ था। इसमें छह को सफलता मिली। संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, प्रशासक सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, अनुज कुमार आदि ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।